।। कार्यालय जिला पुलिस अधीक्षक, उदयपुर (राज.)।।

प्रेस–विज्ञप्ति पार्ट:–02

दिनांक:–04.04.2026

प्रकरणों में जब्तशुदा अवैध मादक पदार्थो को किया गया नष्ट

पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत **जिला पुलिस अधीक्षक, उदयपुर डॉ अमृता दुहन** की अध्यक्षता में **श्री गोपाल स्वरूम मेवाडा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय** व **श्री प्रभुलाल पुलिस निरीक्षक, अपराध सहायक** मय टीम द्वारा उदयपुर जिले के 18 पुलिस थानों के कुल 92 प्रकरणों में जब्तशुदा अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा 3590.100 किलोग्राम, गांजा 536.606 किलोग्राम, एमडीएमए 67 ग्राम, ब्रउन शुगर 50 ग्राम, कोडिन 5758.900 लीटर, चरस 877 ग्राम, नशीली दवाईया 12.256 किलोग्राम, कुल 9899.909 किलोग्राम जिसकी **कीमत करीब 8,74,50,255 रूपये** है को दिनांक 04.04.2026 को सीमेन्ट फैक्ट्री, डबोक में नष्टीकरण किया गया। उदयपुर पुलिस द्वारा आगे भी अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले अपराधियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही कर मादक पदार्थो का नष्टीकरण किया जाएगा।